www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 27, 2010 Shift 1 Geography Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ......................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**J 8 0 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : **1 $^{1}/_{4}$** hours]

## PAPER-II

## GEOGRAPHY

[Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : 16 | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The statement – "The present is the key to the past" was given by
(A) G.K. Gilbert
(B) James Hutton
(C) W.H. Davis
(D) Walter Penk

**2.** Which process of chemical weathering causes rusting of iron ?
(A) Carbonation
(B) Oxidation
(C) Hydration
(D) Dissilication

**3.** Sea floor spreading theory was propounded by
(A) Harry Hess
(B) Tuzo Wilson
(C) A. Hobbes
(D) D.L. Holms

**4.** Match List – I with List – II and select correct answer from the codes given below :

| List – I (Theory) | List – II (Names of Scientist) |
|---|---|
| (a) Sea floor spreading theory | (i) Wegener |
| (b) Continental drift theory | (ii) Harry Hess |
| (c) Elastic rebound theory | (iii) Joly |
| (d) Radio activity theory | (iv) Reed |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**5.** Red Sea is an example of
(A) Synclinal valley
(B) Volcanic structure
(C) Rift valley
(D) Eroded valley

**6.** Which of the following factors is responsible for the planetary wind belts ?
(A) The tilt of earth's axis
(B) The rotation of earth
(C) High and low pressure belts
(D) Differential rate of heating of land and water

**7.** Given below are two statements. One is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

Select your answers from the code given below :

**Assertion (A) :** Remains of older mountain belts lie within the shields in few places.

**Reason (R) :** Older mountain belts in shield areas are composed of soft sedimentary rocks.

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are correct.
(C) (A) is wrong, but (R) is correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** "वर्तमान भूत की कुंजी है" – यह कथन किसका है ?

(A) जी.के. गिल्बर्ट
(B) जेम्स हटन
(C) डब्ल्यू.एच. डेविस
(D) वॉल्टर पेंक

**2.** रासायनिक अपक्षय की कौन सी प्रक्रिया लोहे पर जंग लगने का कारण है ?

(A) कार्बोनेटीकरण
(B) ऑक्सीकरण
(C) जलयोजन
(D) सिलिका पृथक्करण

**3.** सागर तल फैलाव सिद्धान्त का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया ?

(A) हेरी हेस
(B) टुजो विल्सन
(C) ए. होब्स
(D) डी.एल. होम्स

**4.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कर नीचे दिये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनें :

| सूची-I (सिद्धान्त) | सूची-II (वैज्ञानिक) |
|---|---|
| (a) सागर तल फैलाव सिद्धान्त | (i) वेगनर |
| (b) महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धान्त | (ii) हेरी हेस |
| (c) इलेस्टिक रिबाउण्ड सिद्धान्त | (iii) जोली |
| (d) रेडियोधर्मी सिद्धान्त | (iv) रीड |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**5.** लाल सागर इनमें से किसका एक उदाहरण है ?

(A) अभिनति घाटी
(B) ज्वालामुखीय संरचना
(C) भ्रंश घाटी
(D) अपरदित घाटी

**6.** निम्न में से कौन सा कारक प्रचलित पवन पेटियों के लिए उत्तरदायी है ?

(A) पृथ्वी के अक्ष का झुकाव ।
(B) पृथ्वी का परिभ्रमण ।
(C) उच्च एवं निम्न दाब पेटियाँ ।
(D) स्थल एवं जल का विभेदीय दर से गर्म होना ।

**7.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** प्राचीन पर्वतमालाओं के अवशेष कठोर पिण्डों के कुछ भागों में स्थित हैं ।

**कारण (R) :** कठोर पिण्ड क्षेत्रों में प्राचीन पर्वतमालाएँ मुलायम अवसादी चट्टानों से निर्मित होती हैं ।

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** The correct sequence of the following features towards sea from the coast is :

(A) Berm – Lowtide terrace – Longshore trough – Longshore bar.
(B) Longshore trough – Longshore bar – Berm – Lowtide terrace.
(C) Lowtide terrace – Berm – Longshore bar – Longshore trough.
(D) Longshore bar – Lowtide terrace – Berm – Longshore trough.

**9.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

Select your answers from the code given below :

**Assertion (A) :** When sand arrives at a particular section of the beach more rapidly, than it is carried away, the beach is widened and built ocean ward.

**Reason (R) :** The progradation process is everywhere common in the coastal environment.

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) (A) is wrong, but (R) is correct.
(C) Both (A) and (R) are correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

**10.** Who propounded the concept of "Poly Climax" ?

(A) Clement (B) Tanslay
(C) Whittaker (D) Haeckel

**11.** The "Agenda 21" was adopted in which of the following conventions ?

(A) Stockholm convention
(B) Rio-Earth summit
(C) Rotterdam convention
(D) Ramsar convention

**12.** The correct sequence of Koppen's climatic type from Nile delta towards Congo basin is

(A) BWh – BSh – Aw - Af
(B) Aw – Af – BSh – BWh
(C) BWh – Aw – BWh – Af
(D) Af – Aw – BSh – BWh

**13.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

Select your answers from the code given below :

**Assertion (A) :** There is a little mixing of air between the troposphere and stratosphere.

**Reason (R) :** The stratosphere holds large volume of water vapour dust.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**14.** "The special purpose of Geography is the comparison of unity in multiplicity" is the statement of

(A) Carl Ritter (B) Ratzel
(C) Hartshorne (D) Humboldt

**15.** Which of the following area's observation motivated Davis to develop his concept on 'Cycle of Erosion' ?

(A) Missouri (B) Grinoco
(C) Montana (D) Red River

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** निम्नलिखित विशिष्टताओं का सागर तट से सागर की ओर सही अनुक्रम क्या है ?
(A) बर्म – निम्न ज्वार सोपान – वेलांचली गर्त – वेलांचली रोधिका
(B) वेलांचली गर्त – वेलांचली रोधिका – बर्म – निम्न ज्वार सोपान
(C) निम्न ज्वार सोपान – बर्म – वेलांचली रोधिका – वेलांचली गर्त
(D) वेलांचली रोधिका – निम्न ज्वार सोपान – बर्म – वेलांचली गर्त

**9.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए :
**अभिकथन (A) :** जब पुलिन (beach) के खण्ड विशेष पर बालू अधिक तीव्रता से आती है, तब यह बहा ले जाई जाती है और पुलिन चौड़ा तथा सागर की ओर विकसित होता है ।
**कारण (R) :** तटीय पर्यावरण में पुर:क्रमण प्रक्रिया सर्वत्र समान होती है ।
(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

**10.** ‘पॉलि क्लाइमेक्स’ की संकल्पना को किसने प्रतिपादित किया ?
(A) क्लेमेन्ट
(B) तांसले
(C) व्हीटाकर
(D) हेकल

**11.** ‘एजेंडा–21’ को निम्नलिखित में से किस सम्मेलन में अंगीकार किया गया ?
(A) स्टॉकहॉम सम्मेलन
(B) रिओ भू-शिखर वार्ता
(C) रोटरडेम सम्मेलन
(D) रामसर सम्मेलन

**12.** नील नदी के डेल्टा से लेकर कोंगो बेसिन तक कोपेन के जलवायु प्रकार का सही अनुक्रम है :
(A) BWh – BSh – Aw – Af
(B) Aw – Af – BSh – BWh
(C) BWh – Aw – BWh – Af
(D) Af – Aw – BSh – BWh

**13.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए :
**अभिकथन (A) :** क्षोभ मण्डल तथा समताप मण्डल के मध्य वायु का सम्मिश्रण कम पाया जाता है ।
**कारण (R) :** समताप मण्डल बहुल मात्रा में जल वाष्प और धूल कण युक्त होता है ।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**14.** “भूगोल का विशेष प्रयोजन बहुविधता में एकता की तुलना करना है ।” यह कथन है :
(A) कार्ल रीटर
(B) रेटजेल
(C) हार्टशॉर्न
(D) हुम्बोल्ट

**15.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के पर्यवेक्षण ने डेविस को उसकी ‘अपरदन चक्र’ संकल्पना को विकसित करने के लिए अभिप्रेरित किया ?
(A) मिसोरी
(B) ग्रीनोको
(C) मोन्टाना
(D) रेड रीवर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** Kant viewed Geography as a

(A) Spatial science

(B) Chorological science

(C) Regional science

(D) Systematic science

**17.** Match the following List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Mark Jefferson | (i) Urban Geography |
| (b) Robert Dichinson | (ii) Settlement Geography |
| (c) Arthur Robinson | (iii) Physical Geography |
| (d) Alexander Von Humboldt | (iv) Carto graphy |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**18.** Match the following List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Strabo | (i) Christian Topography |
| (b) Firamanus | (ii) Historical Memoir |
| (c) Solinus | (iii) La Terre |
| (d) Elisee Reclus | (iv) Rerum Memorabilum |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**19.** City-size distribution is best depicted by

(A) Urban hierarchy

(B) Central place theory

(C) Rank-size rule

(D) Losch's Hexagonal Model

**20.** According to UN projections, which one of the following regions will contribute maximum to the global urban population by 2030 ?

(A) South Asia

(B) East Asia

(C) South East Asia

(D) Latin America

**21.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

Select your answers from the codes given below :

**Assertion (A) :** Social landscape is a region in which one or several groups live and share a common set of ideas about their immediate environment.

**Reason (R) :** It is a region where human needs, identity, security and stimulation are satisfied.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is correct.

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**16.** कान्ट की दृष्टि में भूगोल

(A) एक स्थानिक विज्ञान है ।

(B) एक कोरोलोजिकल विज्ञान है ।

(C) एक प्रादेशिक विज्ञान है ।

(D) एक क्रमबद्ध विज्ञान है ।

**17.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कर, नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनें :

| | **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मार्क जेफरसन | (i) | नगरीय भूगोल |
| (b) | रॉबर्ट डिकिन्सन | (ii) | अधिवास भूगोल |
| (c) | ऑर्थर रोबिन्सन | (iii) | भौतिक भूगोल |
| (d) | अलेक्जेण्डर वॉन हुम्बोल्ट | (iv) | मानचित्र कला |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**18.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कर नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर दीजिए :

| | **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|---|
| (a) | स्ट्रेबो | (i) | क्रिश्चियन टोपोग्राफी |
| (b) | फिरेमेनस | (ii) | हिस्टोरिकल मेमोयर |
| (c) | सोलिनस | (iii) | ला टेरे |
| (d) | एलिसी रीक्लस | (iv) | रेरम मेमोरेबिलम |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**19.** नगर-आकार वितरण सुस्पष्ट किया गया है

(A) नगरीय पदानुक्रम

(B) केन्द्रीय स्थान सिद्धान्त

(C) श्रेणी-आकार नियम

(D) लॉश का षट्कोणीय प्रतिरूप

**20.** यू.एन. पूर्वानुमानों के अनुसार निम्न में से कौन सा प्रदेश वर्ष 2030 तक वैश्विक नगरीय जनसंख्या में सर्वाधिक योगदान देगा ?

(A) दक्षिणी एशिया

(B) पूर्वी एशिया

(C) दक्षिण-पूर्वी एशिया

(D) लैटिन अमरीका

**21.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** सामाजिक भू-दृश्य एक प्रदेश है, जिसमें एक अथवा अनेक समूह निवास करते हैं तथा अपने निकटस्थ पर्यावरण से सम्बद्ध सामान्य विचारों के सम्मिलित रूप से सहभागी होते हैं ।

**कारण (R) :** यह प्रदेश होता है, जहाँ मानव आवश्यकताएँ, पहचान, सुरक्षा और उद्दीपन परितृप्त किए जाते हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

22. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

Select your answers from the codes given below :

**Assertion (A) :** Logistic population growth is allowed to develop in an optimal environment of unlimited size.

**Reason (R) :** The growth follows an exponential curve.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is correct.

23. Carl Sauer is best identified for his classic work related to

(A) cultural landscape

(B) economic landscape

(C) social landscape

(D) physical landscape

24. pH value of moderately alkaline soils varies between

(A) 4.5 to 5.0 (B) 5.0 to 5.5

(C) 5.8 to 6.4 (D) 7.8 to 8.4

25. Which one of the following agricultural systems is described as "Child of Industrial Revolution" ?

(A) Intensive subsistence tillage

(B) Livestock ranching

(C) Subsistence tillage

(D) Collective farming

26. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Scholar) | List – II (Model) |
|---|---|
| (a) Von Thunen | (i) Input output model |
| (b) Julian Wolpart | (ii) Diffusion model |
| (c) W.W. Leontieff | (iii) Concentric rings of land-use |
| (d) Toresten Hagerstrand | (iv) Decision making model |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

27. Which one of them is a footloose industry ?

(A) Iron and steel industry

(B) Automobile industry

(C) Cement industry

(D) Cotton textile industry

28. Transport route development model by Taffe is based on his studies on

(A) Ethiopia and Egypt

(B) Sudan and Nigeria

(C) Kenya and Nigeria

(D) Ghana and Nigeria

29. Which of the following ports has an outer harbour for export of iron ore ?

(A) Kolkata

(B) Mumbai

(C) Vishakapatanam

(D) Cochin

**22.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** असीमित आकार के अनुकूलतम पर्यावरण में तर्कगणितीय जनसंख्या वृद्धि स्वीकारी जाती है ।

**कारण (R) :** वृद्धि चरघातांकी वक्र का अनुसरण करती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**23.** कार्ल सावर निम्नलिखित में से किससे संबंधित अपनी कालजयी कृति के लिए सुविख्यात हैं ?

(A) सांस्कृतिक भू-दृश्य

(B) आर्थिक भू-दृश्य

(C) सामाजिक भू-दृश्य

(D) भौतिक भू-दृश्य

**24.** मध्यम क्षारीय मिट्टियों का pH मूल्य विचरित होता है

(A) 4.5 से 5.0 के मध्य

(B) 5.0 से 5.5 के मध्य

(C) 5.8 से 6.4 के मध्य

(D) 7.8 से 8.4 के मध्य

**25.** निम्नलिखित में से कौन सी कृषि प्रणाली "औद्योगिक क्रान्ति का शिशु" के रूप में वर्णित की जाती है ?

(A) सघन जीवन निर्वाहक जुताई

(B) पशुपालन फार्म

(C) जीवन निर्वाहक जुताई

(D) सामूहिक खेती

**26.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कर नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर दीजिए :

| **सूची–I (विद्वान)** | **सूची–II (प्रतिरूप)** |
|---|---|
| (a) वॉन थूनेन | (i) आगत-निर्गत प्रतिरूप |
| (b) जूलियन वॉलपार्ट | (ii) विसरण प्रतिरूप |
| (c) डब्ल्यू.डब्ल्यू. लिओनटिफ | (iii) भूमि उपयोग के संकेन्द्री वलय |
| (d) टॉरेस्टेन हेगरस्ट्रेण्ड | (iv) निर्णयन कार्य प्रतिरूप |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**27.** इनमें से कौन सा एक स्वतंत्र उद्योग है ?

(A) लौह-इस्पात उद्योग

(B) मोटर गाड़ी उद्योग

(C) सीमेन्ट उद्योग

(D) सूती वस्त्र उद्योग

**28.** टाफे द्वारा दिया गया परिवहन मार्ग विकास प्रतिरूप उनके किस अध्ययन पर आधारित है ?

(A) इथिओपिया और मिस्र

(B) सूडान और नाइजीरिया

(C) कीनिया और नाइजीरिया

(D) घाना और नाइजीरिया

**29.** निम्नलिखित में से किस बंदरगाह के पास लौह अयस्क के निर्यात हेतु एक बाह्य पोताश्रय है ?

(A) कोलकाता

(B) मुम्बई

(C) विशाखापत्तनम

(D) कोचीन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Match the association of the following ethnic groups in List – I with the List – II and find the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Masai | (i) African grassland |
| (b) Bhils | (ii) North-East India |
| (c) Bushman | (iii) Kalahari |
| (d) Kukis | (iv) Rajasthan |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**31.** Which of the following set of languages are spoken in descending order ?

(A) English, Chinese, French, Russian.

(B) Chinese, French, English, Russian.

(C) Russian, English, French, Chinese.

(D) Chinese, English, French, Russian.

**32.** Regions deleanated on the basis of relationship are called

(A) Natural regions

(B) Nodal regions

(C) Planning regions

(D) Developing regions

**33.** Improving human welfare without causing damage to the environment is called

(A) Regional development

(B) Regional planning

(C) Sustainable development

(D) Resource analysis

**34.** Which one of the following is an ideal combination for setting up iron and steel industry ?

(A) Coal – Electricity – Market

(B) Coal – Iron ore – Water

(C) Electricity – Water – Iron ore

(D) Coal – Water – Cotton

**35.** In which of the following States of India Uranium is embedded in the igneous and metamorphic rocks ?

(A) Tamil Nadu

(B) Maharashtra

(C) Rajasthan

(D) Kerala

**36.** Which is the largest physiographic division of India ?

(A) Great Northern Plains

(B) Great Indian Plateau

(C) Greater Himalayas

(D) The Coastal Plains

**37.** Which of the following earthquakes was the severely devastating and disastrous that occurred in India ?

(A) Kangra earthquake of 1905

(B) Bihar earthquake of 1934

(C) Gujarat earthquake of 2001

(D) Koyna earthquake of 1967

**38.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Waterfalls) | List – II (Rivers) |
|---|---|
| (a) Chulia | (i) Narmada |
| (b) Sivasamudram | (ii) Chambal |
| (c) Bheraghat | (iii) Cauvery |
| (d) Mundru | (iv) Subernrekha |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**30.** सूची–I में दर्शाए गये नृजातीय समूहों का सूची–II के साथ सम्बन्ध सुमेलित करते हुए नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर दीजिए :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (a) मसाई | (i) अफ्रीकी घास के मैदान |
| (b) भील | (ii) उत्तर-पूर्वी भारत |
| (c) बुशमेन | (iii) कालाहारी |
| (d) कुकी | (iv) राजस्थान |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**31.** निम्न में से कौन सा भाषा-समूह अवरोही क्रम में बोला जाता है ?

(A) अंग्रेजी, चीनी, फ्रांसिसी, रूसी

(B) चीनी, फ्रांसिसी, अंग्रेजी, रूसी

(C) रूसी, अंग्रेजी, फ्रांसिसी, चीनी

(D) चीनी, अंग्रेजी, फ्रांसिसी, रूसी

**32.** सम्बंध के आधार पर निर्धारित प्रदेशों को कहा जाता है

(A) प्राकृतिक प्रदेश

(B) नोडल प्रदेश

(C) नियोजन प्रदेश

(D) विकासशील प्रदेश

**33.** पर्यावरण को क्षति पहुँचाए बिना मानव कल्याण को समुन्नत करना कहलाता है

(A) प्रादेशिक विकास

(B) प्रादेशिक नियोजन

(C) संपोषक विकास

(D) संसाधन विश्लेषण

**34.** लौह-इस्पात उद्योग की स्थापना के लिए निम्न में से कौन सा आदर्श समायोजन होगा ?

(A) कोयला – विद्युत – बाजार

(B) कोयला – लौह अयस्क – जल

(C) विद्युत – जल – लौह अयस्क

(D) कोयला – जल – कपास

**35.** निम्न में से भारत के किस राज्य में यूरेनियम आग्नेय तथा कायान्तरित चट्टानों में अंत:स्थापित है ?

(A) तमिलनाडु (B) महाराष्ट्र

(C) राजस्थान (D) केरल

**36.** भारत का सर्वाधिक वृहदाकार भू-आकृतिक प्रदेश कौन सा है ?

(A) वृहत् उत्तरी मैदान

(B) वृहत् भारतीय पठार

(C) वृहत्तर हिमालय

(D) सागरतटीय मैदान

**37.** भारत में घटित निम्नलिखित में से कौन सा भूकम्प अत्यधिक उजाड़ने वाला और विनाशकारी था ?

(A) 1905 का कांगड़ा का भूकम्प

(B) 1934 का बिहार का भूकम्प

(C) 2001 का गुजरात का भूकम्प

(D) 1967 का कोयना का भूकम्प

**38.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कर नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर दीजिए :

| **सूची–I (जल प्रपात)** | **सूची–II (नदी)** |
|---|---|
| (a) चूलिया | (i) नर्मदा |
| (b) सिवासमुद्रम | (ii) चम्बल |
| (c) भेड़ाघाट | (iii) कावेरी |
| (d) मुन्ड्रु | (iv) सुबर्नरेखा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** Economic reforms in India are leading to

I. Concentration of economic activities.

II. Widening gaps between the rich and poor people.

III. Higher growth rate of metropolitan areas.

IV. Low cost access to urban amenities and services.

(A) I and II are correct.
(B) I, II and III are correct.
(C) II and IV are correct.
(D) I, III and IV are correct.

**40.** According to nearest-neighbour index, what would be the maximum value for a complete dispersed settlement pattern ?

(A) 0.00 (B) 1.55
(C) 2.15 (D) 2.88

**41.** Which of the following is a geo-synchronous satellite ?

(A) LANDSAT (B) METEOSAT
(C) IRS (D) KITSAT

**42.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Characteristics)** | **List – II (Map type)** |
|---|---|
| (a) Depiction of spatial interaction | (i) Isopleth |
| (b) Lines of distribution of equal value | (ii) Flow map |
| (c) Distinguish different areas by use of colours | (iii) Chorochromatic |
| (d) A real unit of mapping | (iv) Choropleth |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**43.** Relative shift of mean centre of population distribution in any region over a period of time can be examined applying

(A) Nearest neighbour analysis
(B) Harmonic mean
(C) Mean deviation from mean
(D) Weighted arithmetic mean

**44.** Temperature measured on Kelvin scale is an example of

(A) Comparative scale
(B) Vernier scale
(C) Interval scale
(D) Ratio scale

**45.** The suitable method to measure the change in spatial concentration of scheduled tribes population in India during the last three decades is

(A) Coefficient of variation
(B) Gini coefficient
(C) Index of diversification
(D) Index of dissimilarity

**46.** Diversified cropping system in subsistence agricultural system is governed by :

I. Local demands
II. Local resource base
III. Market forces
IV. Technological know – how

Select the correct codes :

(A) I, II and III are correct.
(B) I, II and IV are correct.
(C) II, III and IV are correct.
(D) I, III and IV are correct.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** भारत में आर्थिक सुधार ले जा रहे हैं

I. आर्थिक क्रिया-कलापों के संकेन्द्रण की ओर ।

II. सम्पन्न एवं निर्धन जनों के मध्य बढ़ते अन्तराल की ओर ।

III. महानगरीय क्षेत्रों की अपेक्षाकृत उच्च वृद्धि दर की ओर ।

IV. नगरीय सुविधाओं एवं सेवाओं की न्यून लागत अभिगम्यता की ओर ।

(A) I एवं II सही हैं ।
(B) I, II एवं III सही हैं ।
(C) II एवं IV सही हैं ।
(D) I, III एवं IV सही हैं ।

**40.** निकटस्थ पड़ोसी निर्देशांक के अनुसार पूर्णरूपेण प्रविकीर्ण अधिवास प्रारूप के लिए अधिक सूचक मूल्य क्या होगा ?

(A) 0.00 (B) 1.55
(C) 2.15 (D) 2.88

**41.** निम्न में से कौन भू-तुल्यकालिक उपग्रह है ?

(A) लेण्डसेट (B) मीटिओसेट
(C) आई आर एस (D) किटसेट

**42.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कर नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर दीजिए :

| सूची–I (विशेषता) | सूची–II (मानचित्र प्रकार) |
|---|---|
| (a) स्थानिक अन्तरक्रिया का चित्रण | (i) आइसोप्लेथ |
| (b) समान मूल्य वितरण रेखाएँ | (ii) प्रवाह मानचित्र |
| (c) विभिन्न क्षेत्रों को रंगों से विभेदित करना | (iii) कोरोक्रोमेटिक |
| (d) मानचित्रण की क्षेत्रीय इकाई | (iv) कोरोप्लेथ |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**43.** किसी प्रदेश में एक समयावधि में जनसंख्या के वितरण के माध्य केन्द्र के सापेक्षिक विस्थापन के परीक्षण हेतु अनुप्रयोग किया जाएगा

(A) निकटस्थ पड़ोसी विश्लेषण
(B) हरात्मक माध्य
(C) माध्य से माध्य विचलन
(D) भारित गणितीय माध्य

**44.** केल्विन मापक पर मापा गया तापमान एक उदाहरण है

(A) तुलनात्मक मापक
(B) वर्नियर मापक
(C) अन्तराल मापक
(D) अनुपात मापक

**45.** पिछले तीन दशकों की अवधि में भारत में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के स्थानिक संकेन्द्रण में परिवर्तन को मापने की उपयुक्त विधि है

(A) विचरण गुणांक
(B) गिनी गुणांक
(C) विविधरूपण निर्देशांक
(D) असमरूपता निर्देशांक

**46.** जीवन निर्वाहक कृषि प्रणाली में विविध रूपायित फसल प्रारूप निर्धारित होता है :

I. स्थानीय माँग द्वारा

II. स्थानीय संसाधन आधार द्वारा

III. बाजार की शक्तियों द्वारा

IV. प्राविधिकी जानकारी द्वारा

सही कूट का चयन कीजिए ।

(A) I, II और III सही हैं ।
(B) I, II और IV सही हैं ।
(C) II, III और IV सही हैं ।
(D) I, III और IV सही हैं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Read the following paragraph and answer the following questions :

The chorological concept of geography focused on the study of the earth's surface in terms of variations between areas (later named areal differentiation), was originally developed by Richthofen (1883) and subsequently advanced by Hettner in Germany. It was popularized and raised to the level of the dominant concept of geography in the English – speaking world through Hartshorne's monumental Nature of Geography (1939). A strong tradition of regional geography had already developed in France under the leadership of Paul Vidal de la Blache. Indeed regional geography reigned supreme in the world of geographical scholarship until the early 1950's, after which the regional paradigm for comprehending the earth as the world of man began, starting with Schaefer (1953), to be attacked as one that propagated "exceptionalism" and "ideography" in the discipline and thereby led the geographer away from the fundamental goal of science, i.e. the search for general principles of behaviour. A few years earlier, Kimble (1951) had condemned the concept of region as an eighteenth century concept. He maintained that "it is links in the landscape .......... rather than the breaks that impress" the scientific mind. Bunge (1966) was convinced that the regionalists error lay in their "nation of the uniqueness of location", owing to which they emphasized exceptions rather than similarities between places and locations. Coupled with this was a general impression that the French tradition of viewing the region as an ecological unit for the analysis of human groups was no longer relevant to the study of places and regions in the post-Industrial Revolution societies like those in Europe. All this contributed to a widespread retreat from regional geography. This meant the "eclipse of a traditional component of geography which was until recently considered a sine quanon of the discipline.

**47.** The central theme of the passage is concerned with

(A) Contributions made by Richard Hartshorne.

(B) Research done by Ferdinand von Richthofen and Alfred Hettner.

(C) Contributions made by Fred K. Schaefer.

(D) History of regional concept.

**48.** Who developed the concept of areal differentiation in geography ?

(A) Richard Hartshorne

(B) Paul Vidal de la Blache

(C) Alfred Hettner

(D) Ferdinand Von Richthofen

**49.** Who stated that the region is an eighteenth century concept and it links the land slope ......... rather than the breaks ?

(A) Fred K. Schaefer

(B) Richard Hartshorne

(C) G.H.T. Kimble

(D) Paul Vidal de la Blache

**50.** "Pays Concept" is associated with

(A) German school

(B) French school

(C) American school

(D) Russian school

www.prepp.in

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आधुनिक भूगोल में प्रादेशिक अध्ययन की संकल्पना और क्षेत्रीय स्तर पर पृथ्वी के परिवर्तनशील स्वरूप के अध्ययन के लिए उसे छोटी-छोटी इकाइयों में बाँटने की पद्धति सर्वप्रथम जर्मन भूगोलवेत्ता रिचथोफेन (1883) ने प्रतिपादित की थी । हेट्नर ने इस संकल्पना को और आगे बढ़ाया था । अंग्रेजी भाषी देशों में इस पद्धति का प्रचार हार्टशोर्न (1939) की पुस्तक नेचर ऑफ जिओग्रफी के प्रकाशन के साथ प्रारम्भ हुआ था और उसके प्रभाव में यह पद्धति शीघ्र ही भौगोलिक अध्ययन की सर्वमान्य पद्धति के रूप में स्थापित हो गई । फ्रांस में पॉल वाइडल डी ला ब्लाश के नेतृत्व में प्रादेशिक अध्ययन बीसवीं सदी के प्रारंभ में ही विकसित हो चुका था । इस प्रकार बीसवीं सदी के मध्य अर्थात् 1950 के दशक के प्रारम्भ तक प्रादेशिक भूगोल भौगोलिक अध्ययन की मुख्य धारा के रूप में प्रतिस्थापित रहा । परन्तु 1950 के दशक का अन्त होते-होते इसके प्रति असंतोष की लहर फैलने लगी थी । इस प्रकार के अध्ययन की आलोचना करते हुए किम्बल (1951) ने ध्यान दिलाया कि वैज्ञानिक चिंतन अध्ययन हेतु चुनी गई वस्तुओं के बीच समानताओं का उद्‌घाटन कर उनके निर्माण में निहित सामान्य सिद्धांतों के प्रतिपादन का प्रयास करता है उनके बीच पाई जानेवाली विभिन्नताओं का उद्‌घाटन नहीं । विविधता में एकता के सूत्रों की खोज करना वैज्ञानिक चिंतन का मुख्य उद्देश्य है । इसीलिए प्रादेशिक भूगोल के अन्तर्गत किए जाने वाले अध्ययन को शेफर (1953) ने "अपवादों के अध्ययन पर केन्द्रित" और विज्ञान की मूल आत्मा के विपरीत अध्ययन बताया । इस समस्या की व्याख्या करते हुए बंगी (1966) ने रेखांकित किया कि प्रादेशिक भूगोल के अध्येताओं की मुख्य कठिनाई उनकी भौगोलिक स्थिति के बारे में अनूठेपन की संकल्पना में निहित थी । यही कारण था कि भूगोलविद् अपनी व्याख्या में स्थानों के बीच पाई जाने वाली समानताओं के स्थान पर उनके परस्पर विभेदों पर ध्यान केन्द्रित करते रहे थे । दूसरी मूलभूत कठिनाई यह थी कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद भूगोल के विद्यार्थियों में यह आम धारणा बन गई थी कि फ्रांसिसी भौगोलिक चिंतन में प्रादेशिक इकाइयों को सन्निहित पारिस्थितिकीय इकाइयों के रूप में देखने सम्बन्धी मान्यता औद्योगीकरण के सर्वव्यापी प्रभाव के फलस्वरूप अब व्यावहारिक दृष्टि से सर्वथा अनुपयुक्त हो गई थी । परिणाम स्वरूप बीसवीं सदी के मध्य तक भौगोलिक चिंतन की मुख्य धारा के रूप में प्रादेशिक अध्ययन के प्रति विद्यार्थियों का लगाव द्रुत गति से कम हो गया और अध्ययन की शाखा के रूप में प्रादेशिक भूगोल की प्रतिष्ठा में कमी आई ।

**47.** लेखांश का केन्द्रीय विषय किससे सम्बन्धित है ?

(A) रिचार्ड हार्टशोर्न द्वारा दिया गया योगदान ।

(B) फर्डिनान्ड वॉन रिचथोफेन एवं अल्फ्रेड हेटनर द्वारा किये गये शोध ।

(C) फ्रेड के. शेफर द्वारा दिया गया योगदान ।

(D) क्षेत्रीय संकल्पना का इतिहास ।

**48.** भूगोल में क्षेत्रीय विभिन्नता की संकल्पना किसने दी ?

(A) रिचार्ड हार्टशोर्न

(B) पॉल वाइडल डी ला ब्लाश

(C) अल्फ्रेड हेटनर

(D) फर्डिनान्ड वॉन रिचथोफेन

**49.** किसने कहा कि क्षेत्र एक अठारहवीं शताब्दी की संकल्पना है और जो धरातलीय ढाल को जोड़ता है बनिस्बत् अलग करने का ।

(A) फ्रेड के. शेफर

(B) रिचार्ड हार्टशोर्न

(C) जी.एच.टी. किम्बल

(D) पॉल वाइडल डी ला ब्लाश

**50.** 'पेज संकल्पना' संबंधित है

(A) जर्मन स्कूल

(B) फ्रेंच स्कूल

(C) अमरीकी स्कूल

(D) रूसी स्कूल

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

prepp Your Personal Exam Guide